हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

08 18 महीने के बजाय 5 साल में भी नहीं मिला मकान का पजेशन, नई एजेंसी को काम देने से बढ़ा इंतजार



10 केशला स्कूल में हुआ न्योता भोज ...





## खबर संक्षेप

### पैजनी में शिव महापुराण कथा आज से



**मुंडा।** ग्राम पंचायत पैजनी के धूम दास चौक में आज सोमवार से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक नगोई बिलासपुर वाले गौरव जोशी हैं, परायणकर्ता अनूप पांडे लवन वाले हैं। कथा वाचन सुबह 10 से 12 बजे तक और 3 से 7 बजे तक होगा। आज कलशयात्रा, कथा प्रारंभ होगा। वहीं कल लिंगार्चन विधि, तीसरा दिवस नारद मोह सृष्टि वर्णन, चौथा दिवस संध्या उत्पत्ति, सती चरित्र, पंचम दिवस पार्वती जन्म, शिव विवाह, छठवा दिवस कार्तिक, गणेश जन्म, युद्ध खंड, सप्तम दिवस ज्योतिलिंगो की कथा, अष्टम दिवस हवन तर्पण सहशस्त्रधारा, प्रसादी वितरण होगा।

### स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश घोषित

**बलौदाबाजार।** राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में बढ़ती गर्मी और तापमान को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर ग्रीष्मकालीन अवकाश का आदेश जारी कर दिया है। सरकार के आदेशानुसार 22 अप्रैल 2024 से 15 जुलाई 2024 तक प्रदेश के सभी शासकीय–अशासकीय, अनुदान और गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया गया है।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं दिया तो मारपीट

**महासमुंद।** बेमचा के बजरंग बली चौक में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों पर जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी द्रोण साहू पिता यादराम साहू (29) निवासी वार्ड 06 यादवपारा बेमचा ने बताया कि आरोपी युगल निर्मलकर और उसे साथियों ने उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 327, 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# भीषण गर्मी के साथ आसमान से बरसने लगी आग, सूरज की चटख धूप-लू से लोग बेहाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

बीते कुछ दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। बीते दिनों आसमान में छाए बादलों बूंदाबांदी व हवाओं के चलने से चिलचिलाती धूप से जहां लोगों को थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन अब मौसम पूरी तरह साफ हो गया है और सूर्य की तीखी किरणों से लोग झुलसन महसूस कर रहे हैं। बादलों की वजह से तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन जैसे ही मौसम साफ हुआ पारा फिर 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। सुबह 11 बजे के बाद तल्ख धूप झुलसाने लगी है।

## गर्मी से बचने एडवायजरी जारी, सीधी धूप से बचें, तरल पदार्थों का करें सेवन

### ये बरतें खास सावधानी

डाक्टरों के अनुसार बच्चे, गर्भवती महिलाएं, मानसिक रोगी, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति विशेष सावधानी बरतें। सामान्यतः शरीर का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस से 37.2डिग्री सेल्सियस होता है लू लगने पर तापमान में बढ़ोतरी, घमौरियां, हाथ-पाव और टखनों में सूजन, बेहोशी, मांसपेशी में ऐंठन आदि हो सकती है। हीट स्ट्रोक, हृदय श्वासन और किडनी के मरीजों को परेशानी में डाल सकती है ।



### इन लक्षणों पर डॉक्टर से मिलें

डाक्टरों का कहना है कि अगर आप धूप से आएं हैं और चक्कर, बेहोशी, जी मचलाना, उल्टी, सिरदर्द, तीव्र, प्यास और सांस धड़कन तेज हो गई है, तो फौरन ठंडे स्थान पर पहुंचे और ठंडे पेय पदार्थ लेना शुरू कर दें। अगर एक घंटे से अधिक समस्या रहती है, तो चिकित्सकीय सलाह लें। चाय, काफी, साफ्ट ड्रिंग और अधिक शक्कर वाले पदार्थों से बचें।

### पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं

बढ़ती गर्मी और लू की चपेट में आने से बचने के लिये यदि प्यास नहीं भी लगी हो, तो भी पर्याप्त मात्र में पानी पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, लस्सी, जूस और ओआरएस का घोल शरीर को पानी की कमी से बचाये रखता है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा, ककड़ी आदि अधिक पानी के मात्र वाले फल और सब्जियां खाएं।

### सीधी धूप से बचें

घर से बाहर निकलते वक्त अपने सिर को टोपी, दुपट्टे, छाता, गमछा या किसी अन्य कपड़े से ढंक कर ही निकलें, सीधी धूप में आने से बचें। अपने आवश्यक काम हो सके तो सुबह और शाम करें। टीवी, रेडियो, समाचार–पत्र आदि के माध्यम से तापमान पर नजर रखें। घर के ऐसे दरवाजे और खिड़कियां, जो सीधे धूप के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें बंद रखें या पर्दे डालकर रखें। इन्हें रात में शुद्ध हवा के लिये खोलें।

### हादसा : कई फैक्ट्रियों के दमकल भी आग बुझाने मौके पर पहुंचे

# सीमेंट फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी, लाखों की क्षति का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खपराडीह इलाके में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब सीमेंट फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। प्लांट में आग लगते ही कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में कंपनी ने मौके पर फायर फाइटर की टीम को मदद के लिए बुलाया। दमकल टीम के आते ही आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरु हो गई। फैक्ट्री में आग कैसे लगी? अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है। आग शाम पांच बजे के करीब लगी।

**आसमान में छाया काला धुंआ :** सीमेंट फैक्ट्री में लगी भीषण से पूरे इलाके में काला धुआं छा गया। कई किलोमीटर दूर से ही आसमान में काला धुआं उठता नजर आ रहा था। बताया जा रहा है कि आग फैक्ट्री के एएफआर सेक्सन में लगी। आग की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आग पर काबू पाने के लिए आसपास की फैक्ट्रियों से दमकल को मदद के लिए बुलाना पड़ा।



### आग लगने की वजहों का खुलासा नहीं

जिस फैक्ट्री में आग लगी उसके प्रबंधन से भी मीडिया टीम ने आग की वजह को जानने की कोशिश की. प्रबंधन की ओर से अभी तक ये नहीं बताया गया है कि आग कैसे लगी. फिलहाल फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं. आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मशक्कत कर रही हैं. आग की इंटेंसिटी ज्यादा होने के चलते दमकल टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. माना जा रहा है कि आग से कंपनी को लाखों का नुकसान हो सकता है।

# 60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ मुखबिर की सूचना पर ग्राम चमारी में की गई कार्रवाई

जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम चमारी में दबिश देकर एक शराब कोचिया को गिरफ्तार करते हुए 60 लीटर कच्ची महुआ शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन आदि बरामत करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम चमारी में शराब कोचिया द्वारा अवैध शराब निर्माण किए जाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसी आधार पर टीम बनाकर ग्राम चमारी में दबिश देकर शराब कोचिया को

महुआ शराब बनाने तक हुए पकड़ा गया। वहीं इस कार्य में सहयोग करने वाले एक अपचारी बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

घटना स्थल से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 12000 रू. एवं एक मोटर सायकल सीजी 04 एलजी-4863 कीमती करीब 20, 000 रू. तथा एक नग एचपी गैस सिलेंडर, चूल्हा, अल्युमिनियम का बंदा दो नग, मिट्टी का बर्तन एक नग आदि जब्त किया गया है। पूरी कार्रवाई में थाना भाटापारा ग्रामीण से निरीक्षक अमित पाटले, प्रधान आरक्षक नरेंद्र निषाद,आरक्षक गौरीशंकर कश्यप, कृष्णा जांगड़े, हरेंद्र कोसरे, तिलक चन्द्रवंसी, धनंजय देवांगन, उमेश चद्रवंशी शामिल थे। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# युवक-युवती ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पहंदाखार कोकड़ी नाला के पास एक युवक-युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ग्राम दशरमा में एक ईंट भट्ठे में साथ काम करते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 20–21 अप्रैल की मध्य रात्रि मृतक लेखराम साहू उर्फ छोटू पिता मूरित राम साहू 20 वर्ष निवासी ग्राम मटिया थाना भाटापारा ग्रामीण एवं मृतिका मनेश्वरी ध्रुव पिता मनहरण ध्रुव 19 साल निवासी ग्राम पहंदा थाना सिटी कोतवाली द्वारा पहंदा खार कोकडी नाला के पास शिव यादव के खेत के मेढ में स्थित करण के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। दोनों ग्राम दशरमा में देवेंद्र देवांगन के ईट भट्ठा में सांथ काम करते थे।

### महिला से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा।** घर घुसकर एक महिला से छेड़खानी करने तथा बेईज्जत करने की नीयत से हाथ-बांह पकड़ने वाले आरोपी को भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थीया ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक 17 अप्रैल की रात करीब 10.30 बजे कमलेश मुर्गी फार्म का मालिक कमलेश साहू निवासी रेंगाबोड जबरदस्ती प्रार्थीया के घर घुस आया। इसके बाद बेईज्जत करने की नीयत से प्रार्थीया का हाथ-बांह पकड़ लिया था। प्रार्थीया की शिकायत दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी कमलेश साहू के खिलाफ धारा 354, 456 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 151 जोड़े करेंगे सुंदरकांड का पाठ



■ नगर में निकलेगी शोभायात्रा, भंडारे का भी होगा आयोजन

**भाटापारा।** श्री संगीतमय सुंदरकांड समिति के तत्वाधान में कल 23 अप्रैल से हनुमान जयंती महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रातः काल से ही समिति एवं हनुमान भक्तों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। स्थानीय रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से भव्य रैली मंडी स्थित मंदिर तक पहुंचेगी। तत्पश्चात प्रतिवर्ष की भांति अग्रोहा ट्रेडर्स में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। मंगल भवन सरस्वती स्कूल में 151 जोड़ों द्वारा सुंदरकांड पाठ भी किया जाएगा। वहीं भाटापारा महावीर धर्मशाला स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर में मंगलवार को विशाल भंडारा किया जाएगा। पुजारी प्रकाश ओझा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर को फूल बंगला बनाकर हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन मंगलवार पड़ने के कारण महत्व और बढ़ गया है। शाम 7 बजे महाआरती होगी।

# महावीर जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। भगवान महावीर के जन्म उत्सव के अंतर्गत रविवार को शहर में चांदी की पालकी में विराजमान भगवान महावीर की पालकी यात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के गांधी चौक, बस स्टैंड, बजरंग चौक, सदर चौक, नेहरू चौक से होकर मंदिर पहुंची। सभी समाज के लोगों ने जुलूस का स्वागत कर बधाई दी। बच्चे, महिलाएं सड़कों पर भक्ति डांस एवं महावीर के उपदेशों के संदेश को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य इंद्र कुमार जैन, पदम जैन, रमेश





जैन, अशोक जैन, महेंद्र जैन, पवन जैन, अखिलेश जैन, नरेंद्र जैन, बाबूलाल जैन, अनिल जैन, अनुराग जैन, पंडित धन प्रसाद जैन, ऋषभ जैन, संदीप जैन, नेहा, आरती, ममता, मनाली, मिलन, तृप्ति, शिल्पा, डिंपल, जैन एवं बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थ।

### जैन समाज ने दिया संदेश, जियो और जीने दो


महावीर जयंती के अवसर पर बलौदा बाजार जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा भगवान महावीर जी का जियो और जीने दो के नारों का संदेश के साथ शहर में हर्ष और उल्लास का माहौल था। पूर्व जैन महिला मंडल अध्यक्ष ममता जैन ने कहा भगवान महावीर की सीख से हमें आगे बढ़ने का संदेश मिलता है, हम सबको मिलजुल कर रहना चाहिए।

### दिन-रात घंटों बाधित रहती है विद्युत सेवा

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

इस समय भीषण गर्मी अपने चरम पर है। दिन में पारा 42 डिग्री के पार हो चुका है। भीषण गर्मी के साथ ही क्षेत्र में बिजली की आंख-मिचौली से अब लोग बेहाल हो गए हैं।



ज्ञात हो की विगत दिनों रात्रि में पांच घण्टे से अधिक समय तक क्षेत्र की बिजली कटी रही जिससे पूरे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई और कूलर-पंखे की गति घण्टो रुकते ही लोग हलाकान हो गये। वहीं इस भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जहरीले सांप, बिछुओं का खौफ सता रहा है और गर्मी के चलते लोगों को स्वास्थ्यगत समस्याएं भी हो रही है। लोगों का कहना है कि आये दिन बिजली की अघोषित कटौती से उन्हें विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा ऊर्जा मित्र के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जा रहा है। जिसमें आमजन की सुविधा के लिए विद्युत कटौती से संबंधित सूचनाएं डाल दी जाती है। अंचल के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से इस तरह अघोषित बिजली कटौती का विरोध जताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस संदर्भ में सरसींवां विद्युत सब स्टेशन के उप अभियंता अविनाश सिंह से मोबाइल पर संपर्क किया तो उनका नंबर कवरेज से बाहर बताया।

### लोड शेडिंग के नाम बिजली कटौती की जाती है

अचानक हो रही बार-बार बिजली कटौती से आमजन परेशान है। बिजली की अघोषित कटौती, लोड शेडिंग, फाल्ट जैसी समस्याओं से इस भीषण गर्मी में चारो ओर त्रहिमाम है। इस चिलचिलाती धूप में जहां लोगों को कूलर, पंखे की हवा राहत दे रही है, वहीं विद्युत की आये दिन कटौती से लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोगों का कहना है कि ठंडी, गर्मी, बरसात चाहे जैसा भी मौसम हो, मेंटेनेंस के नाम पर दिन-दिन भर बिजली कटौती कर दी जाती है। वहीं लोड शेडिंग के नाम पर या नगर में एक स्थान में कार्य करने के लिए पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। विडम्बना यह है कि छत्तीसगढ़ में सरप्लस विद्युत उत्पादन होने के बावजूद भी ग्रामीण अंचल आज भी विद्युत कटौती से त्रस्त हैं।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
Admission Open
FOUNDATION
9th 10th 11th 12th for Board, NEET / JEE
Classes Starts on 26th April & 3rd May
DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open
FEATURES
• यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
• यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
• यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
• यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
• यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
• यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

# एक सीट में यात्री छह और चार्जिंग प्वाइंट दो, कोच में मोबाइल चार्ज करना अब बन रहा झगड़े की जड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ बायो-टॉयलेट जाम होने से रोजाना लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों को हो रही दिक्कत

ट्रेनों के स्लीपर कोच में मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट को लेकर झगड़े तक की स्थिति बनने लगी है। रायपुर रेल मंडल में इन दिनों चार्जिंग प्वाइंट को लेकर शिकायतों में वृद्धि भी हुई है।

खासकर स्लीपर कोच में छह सीट पर दो चार्जिंग प्वाइंट होने से लगातार विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसे में अगर चार्जिंग प्वाइंट खराब हो, तो विवाद और बढ़ जाता है। इसके अलावा रेलवे को सबसे अधिक मिलने वाली शिकायतों में बाथरूम के गंदा होने, पानी न होने और पानी बहने को लेकर होती है। यात्रियों से मिली शिकायत के अनुसार छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में चार्जिंग पाइंट ठीक न होने के कारण पास ही में बने चार्जिंग पाइंट पर मोबाइल चार्ज करने को लेकर यात्रियों के बीच विवाद हो गया। विवाद ट्रेन में अटेंडेंट के आने के बाद ही शांत हो पाया। रेलवे की वेबसाइट पर शिकायत करने के बाद कुछ समय बाद उसकी मरम्मत कर दी गई। इस तरह की शिकायतें स्लीपर कोच के साथ एसी-3 और एसी-2 कोच से भी आ रही हैं।

## शिकायतों के बाद भी रेलवे ट्रेनों में नहीं बढ़ रहा चार्जिंग प्वाइंट

### जाम होने लगे बायो-टॉयलेट

पानी की बचत और यात्री सुविधा के लिए रेलवे ने दो महीने पहले ही 40 से अधिक ट्रेनों में बायो-टॉयलेट स्थापित किया है, लेकिन असामाजिक तत्वों की लापरवाही के कारण अब बायो- टॉयलेट जाम होने लगे हैं, जिसका मेंटेनेंस भी रेलवे नियमित रूप से नहीं कर रहा है। समता, गरीब रथ, सारनाथ और साउथ बिहार एक्सप्रेस में टॉयलेट में पानी जाम की समस्या देखने को मिली है। बायो-टॉयलेट फ्लश करने से गंदगी बाहर निकल रही है।



### एसी इकोनॉमी क्लास से शिकायत

इस तरह की शिकायत हाल ही में हमसफर एक्सप्रेस में बी 6 में सफर करने वाले यात्री ने चार्जिंग प्वाइंट काम न करने व बाथरूम गंदा होने की शिकायत की थी। माना जा रहा है कि दिनभर में आठ से दस यात्री मोबाइल चार्जिंग को लेकर शिकायत कर रहे हैं। इसके अलावा बाथरूम में पानी न होने की भी शिकायतें होती रही हैं।

## जिस एजेंसी को 2020 में दी जिम्मेदारी, उसने अटकाया काम इसलिए ऐसा हाल

# 18 महीने के बजाय 5 साल में भी नहीं मिला मकान का पजेशन, नई एजेंसी को काम देने से बढ़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किराए के मकानों में रहने वाले शहरी गरीबों को खुद का आशियाना खरीदने का सपना 2018-19 में आरडीए ने दिखाया। स्वतंत्र मकान मिलने की आस लगाए लोगों ने भी प्रोजेक्ट को हाथों-हाथ लिया। सभी ने आवेदन प्रोसेस के बाद बैंक फाइनेंस करवाते हुए आरडीए को मकान की तय राशि दी। अब लोग मकान मिलने का इंतजार करने मजबूर हैं। अभी जिस एजेंसी काम को काम दिया गया है, उसे दिसंबर 2024 तक काम पूरा करने समय दिया है। इससे लोगों को 2025 में ही मकान का पजेशन मिलने वाला है।

राजधानी के आउटर इलाके के बोरियाखुर्द में शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान देने के लिए 2018 में आरडीए ने प्लानिंग की। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद आरडीए ने 2019 में एजेंसी तय करने करते हुए उसे 18 महीने में प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय दिया। काम पूरा करना तो दूर, एजेंसी तय समय में नींव भी नहीं डाल पाई। लिहाजा रायपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदारों ने कंपनी का टेंडर रद्द करते हुए नई एजेंसी को काम पूरा करने के लिए अगस्त 2023 में काम देते हुए 18 महीने में निर्माण को पूरा करने जिम्मेदारी दी। इसके पहले जिन लोगों ने मकान की बुकिंग करवाई। बैंक फाइनेंस के बाद 7 से 9 हजार रुपए महीना बैंक लोन भी दे रहे हैं।



### आरडीए के प्रोजेक्ट पर भरोसा

मकान बुक कराने वाले लोगों ने बताया कि 2019 में जिस लिहाज से प्रोजेक्ट में अफसरों ने रुचि ली, उसे देखते हुए 35 करोड़ के प्रोजेक्ट को समय पर पूरा होने की उम्मीद थी। मकान बुक कराने वाले लोगों ने बताया कि पहले जिस एजेंसी को काम दिया गया, उसने कोविड से पहले सिर्फ नींव डालने की प्रक्रिया की। बारिश का पानी भरने से एजेंसी कर्मियों ने काम करने से भी इनकार कर दिया। इससे आरडीए के प्रोजेक्ट पर भरोसा करने वाले परिवार करीब 5 साल से स्वतंत्र मकान मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

### दिसंबर में पूरा करेंगे प्रोजेक्ट

नई एजेंसी को निर्माण की जिम्मेदारी देते हुए, प्रोजेक्ट को दिसंबर 2024 पूरा करने समय दिया गया है। जिस एजेंसी को पहले काम दिया, उसने निर्माण करने से इनकार किया। अब नई एजेंसी को काम दिया है, नए साल से पजेशन देने का प्रयास किया जा रहा है।

**- अनिल गुप्ता,** प्रभारी अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

### किराए के मकान से मुक्ति नहीं

मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम, असफाक दानी ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। हर महीने लोन की किस्त और मकान का किराया 12 से 14 हजार होता है। हितग्राही जमालुद्दीन ने बताया कि किराए के मकान से राहत के लिए मकान बुक किया। पहले काम करने वाली एजेंसी ने प्रोजेक्ट को अटकाया, अब नई निर्माण एजेंसी को काम करने के लिए 18 महीने यानी दिसंबर 2024 तक का समय दिया है। इसके कारण अभी तक किराए के मकान से मुक्ति भी नहीं मिल पाई है।

### अब नए साल में पजेशन देने...

स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान की बुकिंग के साथ ही आरडीए ने वन-बीएचके का 7 लाख 20 हजार और टू-बीएचके का 8 लाख 60 हजार रुपए बैंक फाइनेंस करवाया है। 523 परिवार के लोग पैसा देने के बाद भी मकान के लिए कई साल से चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी सही जानकारी देने के बजाय, अभी एजेंसी तय की है, जल्दी मकान बनाने के लिए कहा गया है, हर बार यह बहाना करके लौटा रहे हैं। अब दिसंबर 2024 तक प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद नए साल में मकान का पजेशन देने का भरोसा दिला रहे हैं।

# पायलट ने कहा- दूसरे और तीसरे चरण में भाजपा साउथ से साफ, नॉर्थ में हाफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में कांग्रेस के पक्ष में पड़े वोट, ये चुनाव बदलाव का है। उन्होंने दूसरे और तीसरे चरण की रणनीति पर कहा, भाजपा बैक फूट पर है। भाजपा साउथ से साफ और नॉर्थ से हाफ है। राहुल गांधी ने भाजपा के परिणामों का जो संख्या बल दिया है, वो सच होता दिखा रहा है।

एयरपोर्ट पर पहले चरण के मतदान पर संवाददाताओं से बातचीत में सचिन पायलट ने कहा, पहले चरण का मतदान कम हुआ है। हमें सकारात्मक रिपोर्ट आई है और हमें सफलता मिलेगी। रिपोर्ट बता रही कि ये चुनाव बदलाव का चुनाव है। हमारी दावेदारी दो और चरणों पर मजबूत होगी। तमाम चुनौतियों के बाद कांग्रेस के पक्ष में वोट पड़े हैं।

### कांग्रेस के मुद्दे जनता के सामने

भाजपा के राष्ट्रवाद वाले पोस्टर और कांग्रेस के मुद्दों पर सचिन पायलट ने कहा, कांग्रेस के मुद्दे जनता के सामने हैं। भाजपा को 10 साल के कामों के रिपोर्ट कार्ड का जवाब देना चाहिए। भाजपा 10 साल के वादे का जवाब दें। उन्होंने कहा, आक्रमण और प्रतिशोध की भावना की राजनीति को लोग पसंद नहीं करते।

### प्रियंका के कार्यक्रम का जायता लेने पहुंचे मोहड़

प्रदेश प्रभारी पायलट एयरपोर्ट से सीधे डोंगरगांव के विकासखंड ग्राम मोहड़ के लिए रवाना हुए। वे शाम को डोंगरगांव पहुंचकर प्रियंका गांधी की चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। वहां से शाम को ही ग्राम हथौद, गुरुर जिला बालोद रवाना होंगे। ग्राम हथौद पहुंचकर प्रियंका गांधी की चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण करेंगे। कल के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया।

# कांग्रेस के राज्यसभा सांसदों को लेकर भाजपा का पोस्टर वार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ भाजपा का सवाल, लोकसभा चुनाव के समय में भी छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रहे हैं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, छत्तीसगढ़ियावाद का ढोल पीटने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के कोटे से दीगर प्रदेशों के नेताओं को राज्यसभा में भेजकर जो छल छत्तीसगढ़ के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ किया था, उस करनी का फल आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भोग रही है। शनिवार को भाजपा ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कोटे से चुने हुए राज्यसभा सदस्यों को खोजने के लिए पोस्टर जारी किया और सवाल किया, आखिर प्रथम चरण का चुनाव हो गया, लेकिन अभी तक ये सांसद दिखाई क्यों नहीं दिए? श्री श्रीवास्तव ने कहा, तीनों कांग्रेस नेता केटीएस तुलसी, राजीव शुक्ला और रंजीता रंजन छत्तीसगढ़ के कोटे से नहीं, भूपेश बघेल के आका के कोटे से छत्तीसगढ़वासियों का हक छीनकर राज्यसभा सदस्य बने हैं और अब इन्हें छत्तीसगढ़ से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, भूपेश बघेल, जिन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए इनको राज्यसभा सदस्य बनवाया, वे छत्तीसगढ़वासियों को स्पष्ट करें कि उनकी सांसद निधि का पैसा छत्तीसगढ़ में कहां-कहां खर्च हुआ है? या फिर, क्या यह पैसा भी उनके आकाओं की सेवा में लग गया है? श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद लगातार छत्तीसगढ़वासियों का अपमान कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कटाक्ष करते हुए कहा, आज छत्तीसगढ़ में अनिच्छुक, उपेक्षित, थके लोकसभा प्रत्याशियों को कांग्रेस ने भी उनके हाल पर छोड़ दिया है। रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की नामांकन रैली में न तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद थे और न ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित थे।

# 42-43 डिग्री की गर्मी, स्कूलों में अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को भेजा पत्र

राज्य में अधिकतम तापमान 42-43 डिग्री के पार होने से गर्मी बढ़ने लगी है। स्कूलों में बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव होने की आशंका के आधार पर ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को इस मामले में सिफारिशी पत्र भेजा है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई स्कूलों का संचालन अप्रैल की शुरुआत के साथ हो चुका है। हालांकि शिक्षा विभाग द्वारा गर्मी को देखते हुए सुबह की पाली में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। पिछले तीन-चार दिनों से गर्मी अपना असर दिखा रही है और पारा 42-43 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह के दस बजे के बाद ही गर्मी का प्रकोप महसूस होने लगता है। कई स्कूलों में छुट्टियां दोपहर के वक्त हो रही है, जिससे बच्चे खुद को असहज महसूस करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ निजी स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं सचिव मोती जैन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में स्कूल जाने से छोटे बच्चों की तबीयत पर भी विपरीत असर पड़ सकता है।

# स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट में सेंध लगाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट से तीन करोड़ रुपए आहरण करने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सीनियर अकाउंटेट की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मंदार शिलेदार तथा दो अन्य की शिकायत पर पुलिस ने मेसर्स बग्स सॉफ्टटेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक बुद्ध भगवान साहू, फाइनेंस एजेंट राजेश यादव तथा एक अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सीनियर अकाउंटेट ने पुलिस को बताया है कि कंपनी का यूनियन बैंक में अकाउंट है, छह मार्च को बग्स सॉफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से तीन करोड़ रुपए भुगतान करने का मैसेज आया। इस संबंध में जानकारी जुटाई गई तक पता चला की डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने किसी के नाम से तीन करोड़ रुपए का चेक जारी नहीं किया है। इसके बाद बैंक से चेक क्लियरेंस होने से रुकवाया गया और जिनके नाम से चेक जारी किया गया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई गई।

### इसलिए फर्जी चेक से आहरण करने की कोशिश

बग्स सॉफ्ट टेक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक के नाम पता चलने के बाद पुलिस ने बुद्ध भगवान को नोटिस जारी कर पूछताछ करने थाने तलब किया, तो उसने बताया कि उसकी कंपनी घाटे में चल रही है। इसके लिए उसने फाइनेंस एजेंट राजेश से बैंक से लोन फाइनेंस कराने के लिए कहा। बैंक से फाइनेंस नहीं होने पर राजेश ने एक अन्य व्यक्ति से उसकी मुलाकात करवायी। उस अन्य व्यक्ति ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अकाउंट में करोड़ों रुपए होने की बात कहते हुए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का एक चेक अपने पास होने की जानकारी दी। इसके बाद डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के चेक में मंदार के नकली हस्ताक्षर कर रुपए आहरण करने की कोशिश की गई।

# महाराजबंद तालाब की सफाई में निकली 10 डंपर जलकुंभी

**रायपुर।** राजधानी के महामाया मंदिर वार्ड स्थित महाराजबंद तालाब अब जलकुंभी मुक्त हो गया है। 20 दिन में इस तालाब से 10 डंपर जलकुंभी निकालकर तालाब को साफ किया गया। स्थानीय मछुआरों को जलकुंभी निकालने जोन स्तर पर ठेका दिया गया है। महीने की शुरुआत से ही तालाब से जलकुंभी निकालने का काम प्रारंभ कराया गया ।

शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक महाराजबंद तालाब को संरक्षित करने नगर निगम जोन 6 द्वारा तालाब की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा ने संयुक्त रूप से बताया, जलकुंभी से पटे तालाब की



सफाई अब नियमित रूप से कराई जाएगी। अलग-अलग दिनों में महाराजबंद तालाब से 10 डंपर जलकुंभी निकालकर निगम के सफाई वाहन से इसका परिवहन कराया गया।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर तालाब के सौंदर्यीकरण और इसे स्वच्छ रखने नियमित रूप से सफाई कराई जाएगी, ताकि तालाब स्वच्छ रहे। तालाब में नाले व नालियों का गंदा पानी जाने से रोकने रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा महाराजबंद तालाब किनारे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इसके बनने से तालाब के जलस्तर में वृद्धि होगी और शहरवासियों को 12 महीना निस्तारी के लिए भरपूर पानी मिलता रहेगा।

## स्वास्थ्य अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, नाले जाम, गलियों में गंदगी की भरमार

# 3 वार्डों में निधारित संख्या से कम मिले सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ठेकेदारों पर 55 हजार रुपए जुर्माना

ठेके पर चल रही शहर के वार्डों की सफाई व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। शनिवार को 3 वार्डों का औचक निरीक्षक करने पहुंचे निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने स्थल निरीक्षण में पाया जहां 40 सफाई कर्मचारी होने चाहिए, वहां केवल 15 कर्मचारी काम पर आए हैं, 25 कर्मचारी नदारद। इसी तरह वार्ड 60 में 35 सफाई कर्मचारी में 20 कर्मचारी अनुपस्थित रहे, वार्ड 43 में 40 कर्मचारी में से आधे काम पर आए, आधे अनुपस्थित रहे। काम में कोताही पर ठेकेदारों को इसके लिये फटकार लगाते हुए 55 हजार रुपये जुर्माना किया गया। शहर की सफाई व्यवस्था की निगरानी के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। जोन स्तर पर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और उनके काम की निगरानी में लगातार खामियां मिल रही हैं, जिसका खामियाजा संबंधित वार्डो की सफाई व्यवस्था पर देखने को मिल रहा है।




निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर शनिवार की सुबह स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने शहर के सफाई व्यवस्था की धरातल पर जानकारी जुटाने 3 वार्डों में भ्रमण पर निकली। इस दौरान मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड के संतोषी नगर क्षेत्र में नाले जाम पाए गए। वहां की गलियों में गंदगी पसरी हुई थी। सफाई कर्मचारियों की स्पॉट पर गिनती कराने पर 40 में से मात्र 15 कर्मचारी मौजूद मिले, 25 कर्मचारी नदारद रहे। स्वास्थ्य अधिकारी ने मौके पर सफाई ठेकेदार को बुलाकर जमकर फटकार लगाई और 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

### मानिटरिंग कमजोर, पेनाल्टी बेअसर

जोन स्तर पर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी और सफाई बिल बनाने के सिस्टम को लेकर निगम प्रशासन के कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक सफाई व्यवस्था में गुणवत्ता को लेकर बरती जा रही लापरवाही पर नकेल कसने चुनाव के बाद निगम प्रशासन नया सिस्टम लाने की तैयारी में है। इसके मुताबिक 3 बार पेनाल्टी के बाद यदि कोई सफाई ठेकेदार फिर से गलती दोहराता है, तो उसका संबंधित वार्ड का सफाई ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। यह व्यवस्था नगर निगम के 10 जोनों के 70 वार्डों में बनाई जाएगी। निगम मुख्यालय में इसका मसौदा तैयार हो रहा है। यही नहीं, निष्ठा एप में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच अब सीधे निगम मुख्यालय से करने की तैयारी है। यानी स्वास्थ्य अधिकारी और निगम आयुक्त की इस पर नजर रहेगी।

### सिकासेर दल में अब 40 हाथी

**धमतरी।** सिकासेर हाथी दल का कुनबा बढ़ता जा रहा है। 35 की संख्या वाले इस दल में अब हाथियों की संख्या 40 हो गई है। यह दल पिछले दो माह से दुगली के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी मित्र दल के प्रभारी संदीप कुमार सोम ने बताया कि रविवार को सिकासेर हाथी दल को चारगांव और तुमबाहरा के जंगल में विचरण करते देखा गया है। दल में हाथियों की संख्या करीब 40 है। निगरानी में शासकीय वाहन के साथ पैदल ट्रेक, सुरक्षा कर्मी लगे हुए हैं। जबर्रा, चारगांव, तुमबाहरा, गजकन्हार को हाई अलर्ट, वहीं खरखा, कल्लेमेटा, डोंगाडुला, बिलपदर को अलर्ट किया गया है। दल सहायक बिरेन्द्र नेताम ने बताया कि अलर्ट गांव के लोगों को जंगल जाने से मना किया गया है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने किया अखंड रामायण पाठ



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर अग्रणी महिला मंडल डीडीनगर द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल की महिलाओं ने मिलकर श्रीरामचरित मानस का पाठ किया। साथ ही महिलाओं को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसी दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारती किरण शर्मा, दीप्ति दुबे, सरोज पांडे और सुनीता शर्मा रहीं। मानस पाठ करने वालों में संस्था की अध्यक्ष सुमन मिश्रा, संरक्षक अनुराधा दुबे, संगीता दुबे, स्मिता बाजपेई, सुमन बाजपेई, रानू पांडे, शिल्पा, स्वाति, गोपा, श्रद्धा, राधा, आरती, सुमन, बबली, रचना, मंजू, ममता, सविता, गरिमा, सपना, दीपाली, आराधना, सुभाषिनी, गौरी, रीता, अंजू, रानी, स्नेहा, बिंदु, लालिमा, अर्चना आदि शामिल रहीं।

### बढ़ते कदम संस्था ने बांटा पक्षियों का दाना सकोरा और कोटना भी




**रायपुर।** बढ़ते कदम संस्था द्वारा रायपुर शहर के विभिन्न स्थलों पर स्टॉल लगाकर दाना सकोरा व कोटने का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। संस्था के प्रोजेक्ट प्रभारी प्रेमप्रकाश मध्यानी और अजय वलेचा ने बताया कि बेजुबान पशु-पक्षियों की सेवा करने का भाव रखते हैं तो संस्था कार्यालय देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के अंदर किसी भी समय आकर दाना, सकोरा एवं कोटना निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विगत 17 वर्षों से संस्था द्वारा लगभग 90 हजार सकोरे एवं दाने के पैकेट और 11 हजार कोटना का वितरण अब तक किया जा चुका है। संस्था जनमानस से अपील करती है कि अपने घर की छत, मुंडेर, आंगन में एवं ऑफिस, दुकान में प्रतिदिन पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य कर खुद भी सेवा करें, औरों को भी प्रेरित करें।

### सुरेंद्र बने जन विकास समिति के अध्यक्ष



**रायपुर।** राधास्वामी नगर जन विकास समिति के पदाधिकारियों का गठन कॉलोनी के गार्डन में विगत दिनों किया गया, जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव जीएस मंडावी, सहसचिव नीरज तिवारी, विनोद जेठानी, उपाध्यक्ष टोमन साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सहकोषाध्यक्ष राजेश देवानी को बनाया गया। रामनवमी के दिन कार्यकारिणी गठित की गई।

### गणेशपुर परिक्षेत्र की महासभा सिलीडीह में 28 को

**जीजामगांव।** गणेशपुर परिक्षेत्र एवं 13 पाली सिलतरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सिलीडीह में 28 अप्रैल को महासभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता डॉ ललित निषाद अध्यक्ष 13 पाली सिलतरा करेंगे। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद, चंद्र कुमार निषाद, ईश्वर निषाद, तिहारू राम निषाद, चोवाराम निषाद, नेहरू राम निषाद, आनंद यदु, होमेन्द्र गजेंद्र, पीलूराम निषाद, अंजोर राम निषाद, ईश्वर लाल निषाद, नारायण निषाद, संतोषी निषाद, गुंजा निषाद, कृष्णा निषाद, मनोहर निषाद, अमृता देवांगन, चंदूलाल ध्रुव, शोभाराम यादव, घनश्याम देवांगन, ठाकुर राम ध्रुव, पवन देश लहरे, योगेश्वर सेन, रोहित साहू, पुनाराम यादव होंगे।

**खबर संक्षेप**

### चर्म रोग जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में प्रत्येक सोमवार से गुरुवार एवं शनिवार को समय दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीमती गरिमा शर्मा रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। चर्मरोग जांच में दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरियासिस, एलर्जी, रोग, केंदवा रोग, मुहांसे, झांई, झुर्रियां, तिल, मस्से, गुप्त रोग, सर सफेद दाग के बालों से संचायत समस्याएं की जांच की जाएगी।



### ब्रह्माकुमारी विवि का शिखर समर कैंप 5 मई से

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी छोटे छोटे बच्चों की नैतिक, शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास और चरित्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए शिखर समर कैंप का आयोजन 5 मई से 12 मई 2024 तक स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगर के समस्त स्कूलों के विद्यार्थी कक्षा छठवीं से नवमीं के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे जिसका प्रवेश निशुल्क रखा गया है। ब्रह्माकुमारी सुषमा बहन ने एक विज्ञप्ति में बताया राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आत्मविश्वास में उन्नति, कंसन्ट्रेशन टिप्स, मेमोरी पावर में बढ़ोत्तरी, पॉज़िटिव थिंकिंग के नए-नए तरीके, फन गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्ट की शिक्षाएं, सिंगिंग ड्रामा आदि इवेंट्स का लाभ लिया जा सकेगा।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरुरी : थानेश्वर

**अंवरी।** लोकतंत्र को जीवंत रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना जरुरी है। समाजसेवी थानेश्वर साहू ने कहा कि किसी लालच में आकर वोट न डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुने। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। हर वोटर अपने संविधान अधिकार को समझें। राष्ट्र के निर्माण के लिए मतदान करना जरुरी है। स्वयं मतदान करने के साथ-साथ हमें अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। 26 अप्रैल को हर काम छोड़कर लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपना सहयोग दें।

### कल मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष चैत्र पूर्णिमा 23 अप्रैल को सुबह 3 बजकर 25 मिनट पर आरंभ होगी और 24 अप्रैल को यानी अगले दिन सुबह 5 बजकर 18 मिनट तक पूर्णिमा रहेगी इसलिए हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल मंगलवार को मनाया जाएगा। इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदर संयोग बन रहा है क्योंकि मंगलवार हनुमान जी का वार रहता है।

**जागरूकता : तीन दिवसीय स्वीप फूड फेस्टिवल में उमड़ी भीड़, कलेक्टर ने आयोजन को सराहा**

# चुनई मड़ई में नई पहल, व्यंजन, संगीत, किड्स कार्नर के साथ शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने की जा रही अनोखी पहल के तहत आयोजित फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच ''मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान'' जागरूकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया गया आयोजन के दूसरे दिन फूड फेस्टिवल में लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। लोग कार्यक्रम का लुत्फ उठाने लाइन में खड़े होकर भीतर प्रवेश कर रहे थे। पहले दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने चौपाटी पहुंचकर मतदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी कलाई पर मतदाता जागरूकता बैंड भी पहना। साथ ही मंच पर मतदाता जागरूकता का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि महासमुंद के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि इस लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर वोट करें। लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है। उन्होंने नए और युवा वोटर्स से खास अपील की। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। ग्राम तमोरा के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की महिला सदस्यों ने नृत्य शैली में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील किया है कि फूड फेस्टिवल में आकर अवश्य देशी और विभिन्न तरह के व्यंजनों के साथ गीत और संगीत का आनंद उठाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर तक पहुंचाए। तीनों दिन खाने के शौकीनों के लिए अलग अलग देशी और चायनीज फूड स्टाल लगाए गए हैं। यहां भी भारी भीड़ दिखी। फूड फेस्टिवल में लोग परिवार सहित आ रहे हैं। यहां बच्चों के लिए खेल जोन बनाया गया है। जहां बच्चे खूब मौज कर रहे हैं।



**इंडियन रोलर की हुई प्रस्तुति**

संगीत प्रेमी सहित आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक संगीतमय प्रस्तुति भी दी जा रही है। अंतिम दिन 21 अप्रैल समापन समारोह के अवसर पर एंकर तशीश, हीप हॉप जुम्बा, स्पेशल परफॉर्मेंस एवं इंडियन रोलर के कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा शासकीय स्टाल लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, जिला पंचायत, बिहान, शिक्षा, नगरीय निकाय का स्टॉल लगाया गया है। इस दौरान अंचल के स्थानीय खेल जैसे सांखली, कबड्डी, कुर्सी दौड़ आदि को शामिल किया गया है। महिलाएं इसमें उत्साह पूर्वक भाग ले रही हैं।




**मतदाता जागरूकता की अनोखी पहल**

फूड फेस्टिवल में पहुंचे कई लोगों ने कहा कि यह जिले में मतदाता जागरूकता के लिए एक अनूठी पहल है। युवा वोटर्स को लुभाने यह शानदार कार्यक्रम है। महासमुंद के अभिज्ञान, शुभम और उनके दोस्तों ने इसे शानदार कार्यक्रम बताया। वहीं परिवार के साथ पहुंची श्वेता और दीपक ने कहा कि परिवार के साथ आकर यहां अच्छा लगा। जिला प्रशासन का यह तरीका प्रभावी है। कार्यक्रम के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही है। स्वीप के नोडल एस आलोक और सहायक नोडल रेखराज शर्मा लगातार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को उनके मतदान के प्रति कर्तव्य को याद दिलाते हुए संकल्प दिलवा रहे हैं।

# खरोरा में मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन चल रहा है। पांचवें दिन तुलसी मानस मंडली लच्छनपुर, गीता मानस परिवार सेमरिया पलारी, सुरदास मानस मंडली कढिया, जय मौली मानस मंडली जोदरा, रामायण मंडली ने अपना प्रस्तुति दी गई रामायण के टीकाकरण ने टीका में लोगों को बताया किष्किंधाकांड के कथा राम से हनुमान का मिलन, सुग्रीव से मित्रता, सुग्रीव द्वारा बालि का वृत्तांत-कथन, सीता की खोज के लिए सुग्रीव की प्रतिज्ञा, बालि-सुग्रीव युद्ध, राम के द्वारा बालि का वध, सुग्रीव का राज्याभिषेक तथा बालि पुत्र अंगद को युवराज पद, वर्षा ऋतु वर्णन, शरद ऋतु वर्णन, सुग्रीव तथा हनुमान के द्वारा वानर सेना का संगठन, सीतान्वेषण हेतु चारों दिशाओं में वानरों का गमन, हनुमान का लंका गमन, सम्पाति वृत्तान्त, जामवंत का हनुमान को समुद्र-लंघन हेतु प्रेरित करना तथा हनुमान जी का महेंद्र पर्वत पर आरोहण आदि विषयों का प्रतिपादन किया गया पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन पर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, परमानंद चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, लता चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, कलिंद्री चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, मोतीलाल चंद्राकर, गाजाधर चंद्राकर, ज्ञानिक यादव, रामायण सम्मेलन आयोजन के पांचवें दिन मंच संचालन नेहा चंद्राकर ने किया। वहीं रामायण मंडली का श्रीफल रामटोकरी, फोटो फ्रेम मितानिन लता चंद्राकर के द्वारा भेंट किया गया।

## छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण का मतदान हो गया, पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिखाई तक नहीं दिए: प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़यिवाद का ढोल पीटने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के कोटे से दीगर प्रदेशों के नेताओं को राज्यसभा में भेजकर जो छल छत्तीसगढ़ के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ किया था, उस करनी का फल आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भोग रही है। प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि शनिवार को भाजपा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कोटे से चुने हुए राज्यसभा सदस्यों को खोजने के लिए पोस्टर जारी कर पूछ रही है कि आखिर प्रथम चरण का चुनाव संपन्न हो गया, लेकिन अभी तक ये सांसद दिखाई क्यों नहीं दिए? श्री चंद्राकर ने कहा कि तीनों कांग्रेस नेता केटीएस तुलसी, राजीव शुक्ला और रंजिता रंजन छत्तीसगढ़ के कोटे से नहीं, भूपेश बघेल के आका के कोटे से छत्तीसगढ़वासियों का हक छीनकर राज्यसभा सदस्य बने हैं और अब इन्हें छत्तीसगढ़ से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल, जिन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए इनको राज्यसभा सदस्य बनवाया। प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद लगातार छत्तीसगढ़वासियों का अपमान कर रहे हैं। रंजिता रंजन ने कहा था कि सभी नक्सली बुरे नहीं होते। यह सीधा-सीधा नक्सली घटनाओं में शहीद हुए सैनिकों का अपमान है। श्री चंद्राकर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में अनिच्छुक, उपेक्षित, थके लोकसभा प्रत्याशियों को कांग्रेस ने उनके हाल पर छोड़ दिया है। शुक्रवार को रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की नामांकन रैली में न तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद थे और न ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित थे। ऐसे हालात देखकर यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि कांग्रेस में अंतर्कलह से उपजी हताशा पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है।

# मतदाता जागरूकता के लिए डॉ पाणिग्राही का नवाचारी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा विकासखंड के ग्राम घोईनाबहरा में विश्वकर्मा परिवार में तीजुराम विश्वकर्मा एवं श्रीमती परमेश्वरी विश्वकर्मा की सुपुत्री लीना का विवाह ढांक निवासी संतराम विश्वकर्मा एवं श्रीमती फुलकुंवर/देवबती विश्वकर्मा के पुत्र मशंकर के साथ संपन्न हुई। अब बिदाई का वक्त था, इसी समय स्वीप आइकॉन डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं इतिहासकार व शिक्षक डॉ विजय शर्मा पहुंचे तथा परिवारजनों से चर्चा की। हम मतदान जागरूकता के लिए आए हैं।

आज बेटी बिदा होकर जा रही है। मतदान करने वापस आ पाना संभव नहीं लगता लेकिन मतदान करना जरूरी है। मतदान के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि 26 तारीख को मतदान है। बेटी लीना को मतदान करने जरूर लाना। वर-वधू एवं दोनों पक्ष अत्यंत ही प्रसन्नता के साथ बोले लीना मतदान करने आएगी। वर-वधू सहित विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने हाथों में मतदान जरूर करें की तख्तियां लेकर संदेश दिया। दुल्हन बनी लीना ने कहा 'मैं मतदान करने जरूर आऊंगी',आप सब भी मतदान करना।




डॉ विजय शर्मा ने मतदान लिखा नारा 'सुरता झन भुलाहू जी, मतदान करे बर जाहु जी' हस्त लिखित पट्टिका भेंट किया। गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता का यह प्यारा सा प्रभावशाली नारा इसी ग्राम घोईनाबहरा से निकलकर सभी जगह विख्यात हुआ है। डॉ पाणिग्रही ने वर-वधू को शमी का पौधा भेंटकर मंगल कामना की। विवाह समारोह में सम्मिलित 20 गांव के लोगों के बीच दुल्हन लीना का नवाचारी संदेश 'मैं मतदान करने जरूर आऊंगी', आप सब भी मतदान करना स्नेहमय संदेश के रूप में गया।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने लोस प्रभारियों, सहप्रभारियों की नियुक्ति की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। साथ ही प्रदेश के समस्त 11 लोकसभा क्षेत्रों के प्रभारी व सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के सभी संसदीय क्षेत्रों के लिए प्रभारी व सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। जिसमें रायपुर लोकसभा प्रभारी संतानु साहू, सह प्रभारी अशोक सिन्हा, कोरबा लोस प्रभारी ऋतु चौरसिया, सहप्रभारी बलराम विश्वकर्मा, बिलासपुर लोस प्रभारी कृष्णा कुमार कौशिक, सहप्रभारी दिलेंद्र कुमार कौशिक, राजनांदगांव लोस प्रभारी अंबिता चंद्रवंशी, सहप्रभारी सुमन कन्नौजिया, दुर्ग लोकसभा प्रभारी खिलावन साहू, सहप्रभारी होरीलाल सिन्हा, रायगढ़ लोकसभा प्रभारी कामता पटेल, सहप्रभारी अशोक यादव, सरगुजा लोकसभा प्रभारी मनोज गुप्ता, सहप्रभारी रमेश जायसवाल, बस्तर लोकसभा प्रभारी टेकेश्वर जैन, सहप्रभारी निर्देश दीवान, जांजगीर चांपा लोकसभा प्रभारी खिलावन साहू, सहप्रभारी नरेंद्र साहू, महासमुंद लोकसभा प्रभारी राजेंद्र नायक, सहप्रभारी देवदत्त साहू, कांकेर लोकसभा प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर, सहप्रभारी छगन साहू को नियुक्त किया गया है।

# कांपा में बच्चों की विदाई एवं न्योता भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कांपा के सूर्या पब्लिक स्कूल में संस्था प्रमुख द्रोणाचार्य तारक एवम् शाला परिवार के द्वारा शाला में अध्ययरत कक्षा 8 वी के बच्चों को विदाई एवम समस्त विद्यार्थियों एवं समस्त पालकगणों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। नेवता भोज में केला, अंगूर, जलेबी, खीर, पुड़ी, दाल, चावल सब्जी, सलाद,परोसा गया। नेवता भोज में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू ,एवम उपाध्यक्ष सालिक राम विश्वकर्मा ,संकुल समन्वयक सहदेव राम ध्रुव, मिडिल स्कूल कांपा के संस्था प्रमुख यशवंत कुमार साहू, प्राथमिक शाला कांपा के संस्था प्रमुख सुरेश कुमार ,भाटापारा कांपा के संस्था प्रमुख नाना साहेब मानिक पूरी एवं विभिन्न शालाओं के शिक्षक गण, मनोज चंद्राकर, रामाधार जलक्षत्री, ललित साहू, तुलसी राम साहू, मधु साहू, एवं सूर्या पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ एवं समस्त पालक गण अल्ताफ खान , गणेश बंजारे,हेमंत कुर्रे, द्वारिका साहू, गेशु राम साहू ,गुलाब साहू, खोमन साहू, चंद्रशेखर यादव, अखिलेश दुबे, समस्त पालक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख द्रोणाचार्य तारक ने किया ।

## सरपंच भामिनी ने दिया एक साथ तीन बेटियों को कन्या विवाह योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच श्रीमती भामिनी पोखन चंद्राकर ने ग्राम विकास के साथ-साथ अपने चुनावी घोषणाओं के तहत बीते 18 अप्रैल को उन्होंने एक साथ सात बेटियों के विवाह मे प्रत्येक को 1105 रुपये भेंट किए वहीं 20 अप्रैल को गांव की तीन बेटियों की विवाह में प्रत्येक को अपनी योजनाओं का लाभ दिया। सरपंच श्रीमती चंद्राकर स्वयं वैवाहिक कार्यक्रम होने के चलते बाहर होने के कारण पंच प्रकाश साहू तथा अपने भांजे तेजेश्वर चंद्राकर को बतौर प्रतिनिधि भेज वादा निभाया।

श्रीमती चंद्राकर ने 20 अप्रैल को गांव की बेटी मोनिका यादव माता कमल पिता कन्हैया यादव, चेतना देवांगन माता देवकी देवांगन पिता राजेंद्र देवांगन तथा उमा धीवर माता दुरपति धीवर को योजना का लाभ दिया।

# छुईपाली में गांड़ा समाज के सम्मेलन में शामिल हुईं विधायक चातुरी नंद

**सरायपाली।** गांड़ा समाज का सामाजिक सम्मेलन संपन्न ग्राम छुईपाली में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवजी की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में सरायपाली नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, गांड़ा समाज के ब्लाक अध्यक्ष जगदीश चौहान, तन्मय पंडा समेत अन्य पदाधिकारी मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि गांड़ा समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज की एकजुटता का ही परिणाम है कि आज समाज की एक बेटी विधायक चुनकर आई है। कार्यक्रम को सरायपाली नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अमृत पटेल, गांड़ा समाज के ब्लाक अध्यक्ष जगदीश चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गांड़ा समाज के ब्लाक सचिव चमरा दीप, कोषाध्यक्ष सुंदर लाल चौहान, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नंद, परिक्षेत्र अध्यक्ष रघु बाघ, परिक्षेत्र अध्यक्ष डॉ बिरंची बेताल, ब्लाक संगठन मंत्री देवेंद्र मुन्ना, तेजराम नंद, गोपाल कुम्हार, कविराज कुलदीप, उत्तम दीप, हिरोद मुन्ना, विनोद चौहान, सरन सोना, सतेसिंह, मनोहर, सुबोध गार्डिया, मोहन चौहान, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान,हेमचंद हंसा समेत गांड़ा समाज के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमीशनिंग कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले में उपलब्ध कंट्रोल यूनिट में कैंडिडेट सेट करने, बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाने व कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट का सीलिंग कार्य (कमीशनिंग) विधानसभावार कृषि उपज मंडी पिटियाझर, महासमुंद में प्रारंभ है।

आज सामान्य प्रेक्षक अनिल कुमार अग्रवाल ने कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम, डिस्पेच सेंटर और विधानसभा वार किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की मौजूदगी में जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। ज्ञात है कमीशनिंग कार्य 20, 21 और 22 अप्रैल तक जारी रहेगा।

साथ ही उन्होंने चारों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, बैठक कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, निगरानी कक्ष सहित सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अग्रवाल ने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वापसी और पार्किंग आदि के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। चारों विधानसभा में मतदान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य शुरू किया गया है। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाए गए और पिंक पेपर से सील किया गया। वीवीपेट में इंजीनियरों के माध्यम से सिंबल लोडिंग का कार्य किया गया।

## खबर संक्षेप

### सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा आज से

**मुड़पार सरसीवां।** देशसेवा के इच्छुक युवाओं ने सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया है, उन उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कॉमन एंट्रेंस एग्जाम,सीईई की तारीखें सेना द्वारा घोषित कर जारी किया है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22, 23, 24, 25, 29, 30 अप्रैल को होंगी। इनके अलावा 2 और 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा तीन शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा। उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट में अपलोड किए गए हैं।

### पत्नी ने पति के सिर पर मारी राड

**महासमुंद।** नदी मोड़ घोड़ारी के बंगाली कॉलोनी में अपने पति को लोहे के राड से मारकर चोट पहुंचाने वाली महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी संजय घरामी पिता विमल (38) बंगाली कॉलोनी घोड़ारी ने पुलिस को बताया कि आरोपी शर्मिला घरामी पति संजय घरामी (30) ने पति के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के राड से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्कूलों में आज से छुट्टी, व संशोधित आदेश जारी

**महासमुंद।** वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, गर्मी से होने वाले अन्य बीमारियों से बच्चों को बचाने व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन ने शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए 22 अप्रैल से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। इससे पूर्व एक मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है।

### 1111 दीपों से होगी हनुमान जी की आरती

**पुरी।** इस वर्ष भी मानव कल्याण स्वर्ग धाम सेवा समिति एवं श्री राम जानकी मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम छाती के बाजार चौक में 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जायेगा। स्वर्ग धाम सेवा समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस अवसर पर मीना साहू रनचिरई की पंडवानी एवं भिलाई की जसगीत झांकी का कार्यक्रम होगा। शाम 7 बजे 1111 दीपों से हनुमान चालीसा के साथ महाआरती होगी। महाप्रसादी का वितरण होगा। आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता रखी गई है। सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इस अवसर पर स्वर्ग धाम समिति के नए सदस्यों का सम्मान किया जायेगा। समिति के सदस्य इसकी तैयारी में जुट गए हैं।

## निधन

### ज्वाला प्रसाद वर्मा



**मुंडा।** ग्राम पंचायत कोलिहा निवासी पूर्व सरपंच ज्वाला प्रसाद वर्मा 78 वर्ष का 21 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे सचिव हरिकिशन वर्मा, पुष्पा, उषा, सरिता, सीमा, हीरा के पिता एवं हितेंद्र, धीरेन्द्र वर्मा, कल्पना, कल्याणी के दादा थे। उनके अंतिम संस्कार में कसडोल छाया विधायक धनीराम धीवर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, जनपद सदस्य कोमल वर्मा, सुमेर वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

---

### चुनाव : ग्रामीणों से की कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील

# कांग्रेस प्रत्याशी विकास ने किया गांव-गांव में प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने जनसंपर्क के दौरान बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में तपती धूप में पहुंच कर कांग्रेस नेताओं के साथ जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की। सुबह गुरूघासीदास महंत नयनदास स्मृति स्थल पर जोडा जैतखाम में पूजा-अर्चना कर जनसंपर्क प्रारंभ किया। इसके पूर्व नामांकन भरने के बाद रात्रि में बलौदाबाजार पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ भोजन बनाकर सबके साथ भोजन किया। रात्रि विश्राम नगर के गुरु घासीदास नैनदास महिलांगे स्मृति भवन में कार्यकर्ताओं के साथ किया। ग्राम पंचायत लटूवा, भरसेला में मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों से मिल कर कांग्रेस के गारंटी मजदूर न्याय योजना के बारे में बताते हुए बताया कि कांग्रेस की सरकार बनेगी तो मनरेगा मजदूरों को प्रति दिन 400 रुपए और साल में 150 दिन मजदूरी दिया जायेगा।

**इन ग्रामों में किया प्रचार :** जनसंपर्क के दौरान विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत गैतरा, करमदा, धवई, रवान, पौसरी रवान कुकुरदी, अर्जुनी, सेमहराडीह, भारूवाडीह, खमहरिया, चांपा, ठेलकी, रिसदा, दसरमा, पुरेना, खपरी में जनसंपर्क कर आशीर्वाद मांगा। विकास उपाध्याय ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी बताते हुए कहा की कांग्रेस की पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय और 25 गारंटी के साथ देश के सभी वर्गों के हितों के लिए कांग्रेस को वोट करने अपील की।

**ये रहे मौजूद :** उक्त अवसर पर वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, दिनेश यदु, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, परमेश्वर यदु, संदीप पांडे, राजा तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, संजीव सिंह, आर्यन शुक्ला, के के वर्मा, अनिल साहू, सोनू वर्मा, अविनाश मिश्रा, थानेश्वर वर्मा, अखिलेश मिश्रा, सुभाष राव, मनोज प्रजापति, संतोष यादव, शैलेंद्र बंजारे, देवेंद्र बंजारे, दीपक साहू, धमेंद्र वर्मा, रविन्द्र नामदेव, समीर अग्रवाल सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने लोगों का तोड़ा भरोसा : जांगड़े



**पलारी।** जांजगीर-चांपा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार कमलेश जांगड़े ने पलारी मंडल के अमेरा, छेरकापुर, कोनारी, मलिन, लच्छनपुर, सलौनी, धमनी, सेमरिया पहुंचकर जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा देश को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक कदम है। देश के गरीब, किसान और महिलाओं की स्थिति सुधारने का संकल्प पत्र है। केंद्र सरकार ने आम लोगों की हर जरूरत को पूरा करने पर जोर दिया है। मोदी का गारंटी पांच साल साल के लिए थी, जिसे छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने केवल तीन महीने में पूरा कर दिखाया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस से आम लोगों का भरोसा उठ गया है। लोग समझ गए हैं कि कांग्रेस सिर्फ ढकोसलेबाजी करती है, झूठी बातों से लोगों को गुमराह करने की कोशिश करती है। कांग्रेस या इसकी सरकारों का उद्देश्य कभी भी जनता की सेवा करना नहीं रहा है। यह पार्टी भ्रष्टाचार की जनक है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबा दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद भूषण लाल जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, मंडल अध्यक्ष नद वर्मा, महामंत्री पवन वर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश यद्ध, प्रदेश आईटी सेल कार्यकरणी सदस्य नरेंद्र वर्मा, जिला संयोजक आईटी सेल नेतरंजन निर्मलकर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिव डहरिया के पक्ष में गांव-गांव प्रचार कर रही शकुन डहरिया



**भवानीपुर/पलारी।** लोकसभा जांजगीर चांपा कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया के पक्ष में उनकी धर्मपत्नी शकुन डहरिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रभारी अनुसूचित जाति कांग्रेस व महिला कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम भवानीपुर, खपरी, बोदा, बम्हनी, चरौदा, दतरेंगी, ओडान, धौराभाटा पहुंचकर जनसंपर्क कर कांग्रेस के घोषणा पत्र में नारी न्याय, किसान न्याय, युवा न्याय, हिस्सेदारी न्याय, श्रमिक न्याय आदि योजनाओं की जानकारी दी। महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के तहत गरीब परिवार में एक महिला को सालाना एक लाख देने का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पक्ष में बढ़-चढ़कर वोटिंग कर डॉ. शिवकुमार डहरिया को भारी मतों से जिताने अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील कुर्रे, महेश्वरी कुर्रे, पुष्पा बंजारे, रुक्मणी तेहरवंश, गीता साहू, प्रीति गेशवारी कुर्रे, राधिका निषाद, सुकदास बंजारे, महेश बारले, तेजराम साहू, सेवाराम निषाद, सोनूराम साहू, दाऊलाल ध्रुव, जगत राम ध्रुव, नारायण ध्रुव, दानी मल्होत्र, झालू राम कुर्रे, गिरजानंद, फागुन ध्रुव, शत्रुघ्न साहू, जेठू राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

- कांग्रेस के घोषणा पत्र की ग्रामीणों को दी जानकारी मिला रहा समर्थन

# इंटर्नशिप सेरेमनी में खिले छात्रों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत आई.टी एवं आटोमोबाइल ट्रेड में अध्ययनरत कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र–छात्राओं के लिए इंटर्नशिप सेरेमनी का आयोजन 19 अप्रैल को किया गया। सेरेमनी में इंटर्नशिप प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शासन की योजनांर्तगत आई.टी एवं आटोमोबाइल ट्रेड के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के समस्त छात्र–छात्रओं को इंटर्नशिप कार्य पूरा होने के पश्चात 1300 रु. की प्रोत्साहन राशि ऑनलाइन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार ध्रुव, वरिष्ठ व्याख्याता तोकसिंह वर्मा, पूर्व उपसरपंच एवं एसएमडीसी के विधायक प्रतिनिधि डोमन नायक एवं सांसद प्रतिनिधि डोमार धुरंधर, आई.टी प्रशिक्षिका स्मृति शर्मा, आटोमोबाइल प्रशिक्षक हेमंत कश्यप, गिरधर साहू एवं समस्त छात्र–छात्राओं के अभिभावक तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

- इंटर्नशिप प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण

### केशला स्कूल में हुआ न्योता भोज ...



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशला (खरोरा) के प्रधान पाठक रमेश कुमार वर्मा के जन्मदिन पर एसएमसी के अध्यक्ष, प्राथमिक व मीडिल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, रसोईयां एवं स्कूल के सभी विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। भोजन में चावल, दाल, आलू, चना, छोले सब्जी के अलावा केला, जलेबी, पापड़,लड्डू, गुलगुला भजिया, अचार परोसा गया।

# तारमिस्त्री परीक्षा के लिए 30 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

निरीक्षकालय के अंतर्गत संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) रायगढ़ के द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष के माह–जुलाई में आयोजित की जाएगी। समस्त संबंधित जिले सारंगढ़–बिलाईगढ़, रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के आवेदनकर्ता की योग्यता आठवीं उत्तीर्ण और किसी भी नियोक्ता जिसके पास फैक्ट्री लाइसेंस हो, उनके अधीन दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। आवेदनकर्ता इस परीक्षा हेतु कार्यालयीन अवधि में से निर्धारित आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय कार्यपालन अभियंता (वि.सु.) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छ.ग. शासन रायगढ़ संभाग रायगढ़ दुर्गा चौक उत्तर चक्रधरनगर रायगढ़ (छ.ग.) पिनकोड 496001 में डाक द्वारा या सीधे 30 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए उक्त कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# ओवर रेट पर शराब बिक्री की करें शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा में संचालित समस्त देशी-विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों से शासन के द्वारा निर्धारित दर पर एवं बिना मिलावट के मदिरा का विक्रय किया जा रहा है। यदि किसी भी मदिरा दुकानों से अधिक दर पर या मिलावटी शराब की बिक्री की जाती है तो इसकी शिकायत आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर–14405 एवं आबकारी नियंत्रण कक्ष बलौदाबाजार के टेलीफोन नम्बर–077273–58877 पर शिकायत दर्ज करवायी जा सकती है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला बलौदाबाजार–भाटापारा में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर कार्यवाही की जावेगी इसके साथ ही शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जावेगी।

### महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**बागबाहरा।** दुनिया को अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी की 2623 वा जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, स्थानीय जैन मंदिर में श्री जैन श्री संघ सेवा समिति ने महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का आयोजन किया। इस अवसर पर सुबह 7:30 बजे जैन मंदिर में स्नात्र पूजा, आरती व शांति कलश के बाद 9 बजे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जैन मंदिर से किया गया, जैन मंदिर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर वापस जैन मंदिर पहुंची, शोभायात्रा में रथ में भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति विराजित की गई थी जिसका जगह-जगह पर विधि-विधान से पूजा की गई, ढोल बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बागबाहरा जैन समाज के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, बालिका व बच्चों ने हिस्सा लिया।

### लुभावने वादे कर सत्ता में आई लबरा कांग्रेस पार्टी ने पांच साल छत्तीसगढ़वासियों को ठगा

**बसना/महासमुंद।** बड़े-बड़े वादे कर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस को लबरा पार्टी बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को बसना में चुनावी सभा के दौरान जमकर फटकार लगाई। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को पांच साल तक ठगने का काम किया। 36 वादों में एक भी पूरा नहीं किया। बल्कि, छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया और छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया। कोयला, शराब, रेत, डीएमएफ की राशि सहित छग की चिन्हारी नरुवा, गरूवा, घुरुवा, बारी में भी भारी भ्रष्टाचार किया गया। इसलिए कांग्रेस के भ्रष्ट नेता जेल में हैं और नेताओं का सहयोग करने वाले अधिकारी भी जेल की हवा खा रहे हैं। सीएम साय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को मूलमंत्र मानते हुए रोजाना 18 घण्टा देश के लिए काम करते हैं।

### जन्मकल्याणक के अवसर पर भव्य निकली झांकी

# महावीर जयंती पर निकली जैन समाज की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चैत्र सुदी तेरस 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक के अवसर पर महासमुंद जैन संघ ने भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा जैन मंदिर गांधी चौक से निकलकर गुड़रुपारा, सिविल लाइन, नेहरू चौक, कॉलेज रोड, होते हुए जैन मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान की माता ने जो 14 स्वप्न देखे थे उसकी मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। इस शोभायात्रा में भगवान भव्य रथ में विराजमान थे। समाज के सभी वर्ग पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़े उल्लास के साथ पारंपरिक वस्त्र में इस यात्रा में शामिल हुए।

इस दौरान सर्व हिंदू समाज द्वारा शोभायात्रा का नेहरू चौक में स्वागत किया गया। लोहिया चौक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रभु के चरणों में गवली की गई। विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा का रास्ते में भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न मंडलों के बीच भजन प्रतियोगिता रखी गई थी। शोभायात्रा के समापन के बाद जैन मंदिर में महावीर स्वामी की षटकल्याणक पूजा रखी गई थी। उसके बाद श्री शांतिनाथ भवन में जैन श्री संघ द्वारा स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रखी गई थी। इस अवसर पर जैन श्री संघ के तत्वाधान में महावीर युथ फाउंडेशन ने नेहरू चौक में दोपहर को छाज वितरण किया। जैन समाज द्वारा हॉस्पिटल एवं अनाथ आश्रम में फल वितरण किया गया। जैन समाज द्वारा शाम को जीवदया के रूप में शहर में गाय कुत्तों को सब्जी एवं बिस्कुट खिलाया गया। सर्वप्रथम प्रातः 5.30 बजे जैन समाज ने शहर के विभिन्न मार्गों से होकर प्रभातफेरी निकाली। रात्रि महावीर इंटरनेशनल द्वारा विवेक वर्धन सेवा परिसर में भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैन श्री संघ द्वारा मेघावी बच्चों का बहुमान कार्यक्रम आयोजित किया गया। महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर जैन समाज के संस्थान बंद रहे। शाम को जैन समाज के घरों में दिया प्रज्वलित किया गया एवम रंगोली सजाई गई। उक्त जानकारी महावीर जन्मकल्याणक के संयोजक धीरज गोलछा एवं जैन श्री संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने दी।




### अज्ञात वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर

**महासमुंद।** कॉलेज रोड न्यू सिविल लाईन के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। प्रार्थी गौरव राठी पिता नरेश राठी (23) वार्ड नं. 03 एकता चौक महासमुंद ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक गाड़ी को चलाकर उसके पिता व चचेरी बहन की स्कूटी क्र. सीजी 06 जीटी 7378 को पीछे से ठोकर मार दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है। इसी तरह एक्सीडेंट के एक अन्य मामले में नदी मोड़ घोड़ारी में अज्ञात वाहन चालक ने बाइक को टक्कर मार दिया। प्रार्थी मोहम्मद अकबर खान पिता नजीर खान (50) बावनकेरा थाना पटेवा ने महासमुंद पुलिस को बताया कि आरोपी अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसके बड़े भाई की मोटर साइकिल क्र. सीजी 04 सीएम 9760 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

